

भाज



श्रेयस अय्यर

ऑकलैंड में चौथा टी-20 आज

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष

जाह्नवी कपूर

के मजाक पर नाराज हुए लोग

पटना, शुक्रवार, ३० अक्तूबर, २०२६ सौर ११ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

पीएम मोदी सर्वोच्च नागरिक सम्मान के हकदार : विक्रमजीत

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'भारत रत्न' देने की मांग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने उठायी है. उन्होंने प्रस्ताव दिया कि पीएम मोदी को देश के प्रति उनके समर्पण और बिना शर्त सेवा के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए. साहनी आम आदमी पार्टी के पूर्व सांसद रह चुके हैं. उन्होंने यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में कही. शाह ने यहां मन की बात थीम पर बनी 76 पेंटिंग एग्ज़िबिशन का उद्घाटन किया, जो प्रधानमंत्री की 25 साल की सार्वजनिक सेवा को समर्पित है.

प्रदर्शनी में इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित करते हुए पंजाब से राज्यसभा सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करिश्माई लीडर कहा. उन्होंने कहा कि अगर जवाहरलाल

(शेष पृष्ठ ९ पर)

तकनीकी नवाचारों से मिलेगी विकास को नयी गति

टेककनेक्ट पोर्टल लॉन्च, सर्वे ऑफ इंडिया से हुआ समझौता

(आज समाचार सेवा)

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी, पटना में आयोजित 'स्पेस एप्लीकेशन एडॉप्शन वर्कशॉप-2026' में अंतरिक्ष आधारित तकनीक, आधुनिक वैज्ञानिक समाधानों और नवाचारों को बिहार के विकास एवं प्रशासनिक व्यवस्था से जोड़ने पर बल दिया। 'प्रशासन को सशक्त बनाना, प्रगतिशील बिहार के लिए अंतरिक्ष आधारित समाधानों का उपयोग' कार्यशाला की थीम है। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने इस दो दिवसीय 'स्पेस एप्लीकेशन एडॉप्शन वर्कशॉप-2026' में आये हुये विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नये एप्लिकेशन के बारे में तथा उनकी उपयोगिता को लेकर उनसे विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने



अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन नये एप्लिकेशन का विभागों में तथा लोगों के हित में किस प्रकार उपयोग हो सकता है उसके संबंध में कार्य करें। विभिन्न कार्यों में सबसे सटीक उपयोगी तकनीक, इक्यूपमेंट का अधिक से अधिक उपयोग कैसे हो सकता है, इस पर कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने %टेककनेक्ट% पोर्टल का शुभारंभ किया। साथ ही, बिहार रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर और सर्वे ऑफ इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इन पहलों का उद्देश्य तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना तथा अंतरिक्ष आधारित अनुप्रयोगों के माध्यम से विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के युग में तकनीकी विकास के बिना प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती। आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प तथा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के लक्ष्य को साकार करने के लिए विज्ञान, तकनीक और नवाचार को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार प्राचीन काल से ही ज्ञान, शिक्षा और प्रबुद्धता की भूमि रही है। आर्यभट्ट और आचार्य चाणक्य जैसी महान

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पार्टी अनुशासन से चलती है : संजय झा

पटना (आससे)। मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह की विधायकी खत्म कराए जाने की पहल को लेकर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा है कि पार्टी अनुशासन से चलती है. अगर पार्टी में अनुशासन नहीं होगा, तो जैसे देश में राहुल गांधी अराजकता फैला रहे हैं, वैसे ही पार्टी के अंदर हो जाएगा. उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में जो भी फैसला होता है, वह सबकी सहमति से होता है. उन्होंने यह भी बताया कि अंतिम मुहर उस फैसले पर नीतीश कुमार लगाते हैं.



संजय कुमार झा ने कहा कि पटना स्नातक सीट पर नीरज

(शेष पृष्ठ ९ पर)

ललन सिंह से बधाई नहीं लूंगा राजनीतिक कर्ज सूद समेत लौटाऊंगा

पटना (आससे)। पटना स्नातक सीट से नीरज कुमार ने चौथी बार जीत दर्ज की है। वो पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा से मिले और उनकी बधाई ली। जीत के बाद ललन सिंह से आशीर्वाद लेने के सवाल पर नीरज कुमार ने कहा कि सवाल ही नहीं उठता है। पहले ये बताइए कि आखिर मेरा क्या गुनाह था, जो पूरी चुनावी प्रक्रिया में मुझे इतनी परेशानी झेलनी पड़ी। जिनको बधाई देना है वो दे रहे हैं। नीरज कुमार ने आगे कहा, मैंने तो कल



(शेष पृष्ठ ९ पर)

दरभंगा स्नातक सीट पर राजद के अनिल कुमार झा विजयी, भाजपा के सर्वेश कुमार हारे

दरभंगा (आससे)। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में राजद ने जीत दर्ज की है। राजद प्रत्याशी अनिल कुमार झा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के सर्वेश कुमार को पराजित कर जीत हासिल की। परिणाम घोषित होते ही राजद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 50 घंटे से अधिक समय तक चली। कई चरणों की गिनती के बावजूद जीत-हार का फैसला नहीं हो पा रहा था। इस कारण पूरे राज्य की राजनीतिक निगाहें दरभंगा सीट के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

खेमनीचक में 4 गैस सिलिंडर ब्लास्ट, 50 दुकानें राख

पटना (आससे)। पटना के रामकृष्णनगर थाना क्षेत्र के खेमनीचक स्थित सब्जी मंडी में गुरुवार की सुबह भीषण आग लगने से भारी नुकसान हुआ. सुबह तीन बजे के बाद लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया. इसकी चपेट में आकर 50 से अधिक दुकानें जलकर राख हो गयीं.

इनमें श्रृंगार, मोबाइल रिपेयरिंग और अन्य कारोबार से जुड़ी दुकानें शामिल हैं. आग के दौरान एक झोपड़ीनुमा होटल में रखे चार गैस सिलिंडरों में ब्लास्ट होने की भी सूचना



है. सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की 10 से 15 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवार

(शेष पृष्ठ ९ पर)

गांजा तस्करी में दोषी को 15 साल की सजा, डेढ़ लाख जुर्माना

हाजीपुर (आससे)। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ग्यासुद्दीन ने 25.850 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार तस्कर को 15 वर्ष के सश्रम कारावास और एक लाख 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा गुरुवार को सुनाई।

एनडीपीएस एक्ट के विशेष लोक अभियोजक सुमित कुमार ने बताया कि राजापाकड़ थाना पुलिस अवैध कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी के लिए बेलकुंडा जाने वाली पक्की सड़क स्थित शिव मंदिर के पास पहुंची थी। तभी बीआर 31 पीए 7533 नंबर का एक टेंपो पुलिस को देखकर विपरीत दिशा में भागने लगा। पुलिस बल ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।

पूछताछ में चालक ने अपना नाम विजय कुमार बताया। तलाशी के दौरान टेंपो से पीले रंग के प्लास्टिक के बोरे में रखा पांच बंडल गांजा बरामद हुआ, जिसका वजन 25.850 किलोग्राम था। उसके पास से एक

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पीपा पुल : टेम्पू से 10.318 किग्रा गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

पटना (आससे)। पटना के फतुहा गंगा नदी के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी करने के मामले में फतुहा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10.318 किलोग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया है. इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है.पुलिस ने गांजा के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एक सीएनजी टेम्पू को भी जब्त किया है. अनुमंडल

(शेष पृष्ठ ९ पर)

